हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 21 मार्च 2025

12 पंचायती भूमि पर अवैध अनाथ आश्रम चलाने का...



11 नारनौन रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने को...



**खबर संक्षेप**

### बासोड़ा में सात दिन लगातार लगेंगे मेले

**नारनौल।** शहरी क्षेत्र में शामिल गांव शेखपुरा में वीरवार बासोड़ा के पर्व पर शीतला माता मंदिर में विशाल मेले लगा। इस मेले में शहर व आसपास के गांवों के हजारों लोगों ने शीतला माता की पूजा अर्चना की। मेले के चलते सुबह तीन बजे से ही शीतला माता के दर्शन करने वालों की लाइनें लगने लग गई थी। शहर के साथ लगते गांव नूनी शेखपुरा में वार्षिक शीतला माता के मेले का आयोजन धूमधाम से हुआ। मेला बासोड़ा के पर्व पर लगता है। जिसमें एक दिन पहले रात को पूरे शहर व आसपास गांवों के लोग पकवान बनाते हैं।

### लापता युवक का शव मिलने से मचा कोहराम

**महेंद्रगढ़।** अज्ञात कारणों के चलते युवक अपने मामा के घर से बिना बताए लापता हो गया था। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। उसका शव बुधवार शाम को गांव के नजदीक एक सूखी नदी में मिला हैं। सदर पुलिस ने वीरवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। गांव लावण निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह भारतीय सेना से रिटायर्ड होकर अब खेतीबाड़ी का काम करता है। उसे बुधवार शाम को सूचना मिली कि उसके साढू का लड़का सोनू (24) नयागांव थाना कोसली, जिला रेवाड़ी निवासी है। वह 4 मार्च को अपने मामा विजय निवासी डेरोली अहीर के घर आया हुआ था।

### आरोपित को पुलिस ने किया काबू

**कनीना।** आपसी रंजिश के चलते रास्ता रोकने, अवैध हथियार दिखाने और गाड़ी में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने के आरोप में थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अमरदीप वासी मोड़ी के रूप में हुई है। आरोपित घटना में शामिल था। पुलिस ने आरोपित को काबू कर वीरवार को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में पेश किया, जहां कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा दो आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### अवैध खनन कर जा रहे ट्रक को पकड़ा, सीज

**नारनौल।** जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए महेंद्रगढ़ पुलिस की एक स्पेशल टीम गठित की हुई है और साथ ही थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। गठित टीम और थाना निजामपुर की टीम के द्वारा निजामपुर क्षेत्र से एक ट्रक को पकड़ा गया है, जिसमें अवैध खनन कर बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने पता लगाया कि खनन रहित क्षेत्र से अवैध खनन कर ट्रक में बजरी भरकर रेवाड़ी ले जाई जा रही थी। थाना निजामपुर प्रभारी एसआई गोविंद ने बताया कि स्पेशल चैकिंग अभियान चलाकर बजरी से भरे ट्रक को पकड़ा है। पकड़े गए ट्रक का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान किया गया तथा खनन विभाग की टीम द्वारा सीज किया है।

## विकास कार्यों पर लगी मोहर, प्रमुख चौराहों का होगा सौंदर्यकरण

# नई स्ट्रीट लाइट लगाने व शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार करने पर नपा का फोकस

*नपा प्रधान, उप प्रधान व पार्षदों की ओर से मंथन कर गत 36 प्रस्ताव रखे गए। बैठक में शहर के विकास के लिए नई परियोजनाएं, वार्डों में गलियां एवं मुख्य सड़क निर्माण से लेकर शहर तक दिखेगा विकास*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगरपालिका कार्यालय में नपा हाउस बैठक की शांतिपूर्वक संपन्न हुई। नगरपालिका सचिव, एमई, प्रधान व पार्षद तय समय पर पहुंचे। दोपहर ढाई बजे बैठक में कार्रवाई शुरू की गई। नपा प्रधान, उप प्रधान व पार्षदों की ओर से मंथन कर गत 36 प्रस्ताव रखे गए। बैठक में शहर के विकास के लिए नई परियोजनाएं, वार्डों में गलियां एवं मुख्य सड़क निर्माण से लेकर शहर के प्रमुख चौराहों का सौदर्यकरण, नई स्ट्रीट लाइट लगाने व शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार करने योजनाओं पर मंथन किया गया। सर्वसम्मति नपा हाउस ने बैठक में 36 प्रस्तावों पर सहमति जताई है। बैठक में नगर पालिका सचिव प्रशांत परासर, एमई संजोग कुमार, प्रधान रमेश सैनी, उप प्रधान मंजू कौशिक, विष्णु वाल्मीकि, अशोक सैनी, भतेरी देवी, सुरेंद्र फौजी, देवेंद्र उर्फ सोनू सैनी, सुखबीर, राजेश सैनी, सरीता राठी, सुनील तायल सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

**खास बातें**

- वार्ड नंबर 8,9,10,11,12 व 13 में जर्जर हो चुकी नालियों की मरमत करने के बारे में विचार
- 200 स्थानों पर तिरंगा लाइट लगाने।



**इन प्रस्तावों पर लगी मोहरः**

▶▶| मौढ़ाश्रम के पास स्थित शिव पार्क को विकसित करने व जिम लगाने।
▶▶| डुलाना रोड स्थित गौशाला के पास आधुनिक पार्क विकसित करने।
▶▶| हुड्डा पार्क में खाली पड़ी जमीन पर इनडोर स्टेडियम बनाने।
▶▶| ताऊ देवी लाल पार्क को विकसित करने तथा महिला और चिल्ड्रेन पार्क विकसित करने।
▶▶| नगरपालिका की सड़को से उखाड़ी गई पुरानी टाइल्स को गौशाला, मंदिर या अन्य स्थान पर लगाने के बारे में विचार।
▶▶| विभिन्न स्थानों पर 200 तिरंगा लाइट लगाने।
▶▶| कैंची मोड पर महाराजा शूरसिंह सैनी चौक बनाने के बारे में विचार।
▶▶| कैंची मोड से कॉलेज मोड तक मार्ग को सावित्री बाई फूले मार्ग के नाम से नामकरण करने को लेकर चर्चा।
▶▶| महाराजा अग्रसेन पार्क का सौंदर्यकरण कर अत्याधुनिक बनाने के बारे में विचार।
▶▶| विश्वकर्मा चौक का सौंदर्यकरण करने।
▶▶| भगवान परशुराम चौक को आधुनिक रूप से सौंदर्यकरण करने।
▶▶| अम्बेडकर चौक का सौंदर्यकरण करने।
▶▶| शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए वर्तमान में स्थित नगरपालिका कार्यालय के स्थान पर मल्टीलेवल पार्किंग के साथ शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने के बारे विचार।
▶▶| शहर में गौशाला रोड, रेलवे रोड, सैनीपुरा मोहल्ला, बाल्मीकि मोहल्ला, ढाणी मौहल्ला व अन्य स्थान पर आधुनिक शौचालय बनाने।
▶▶| हुड्डा पार्क में सीसीटीवी कैमरे लगाने।
▶▶| शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के अंदर लगे लेंटर की जर्जर हालत को देखते हुए मरम्मत कराने।
▶▶| सलीमाबाद क्षेत्र को नगरपालिका सीमा में शामिल करने।
▶▶| वार्ड नंबर 1 में स्थित दोनों कम्युनिटी सेंटर को रिपेयरिंग करने।
▶▶| वार्ड नंबर 8,9,10,11,12 व 13 में जर्जर हो चुकी नालियों की मरमत करने के बारे में विचार ।
▶▶| शहर में संत दुर्बलनाथ महाराज, भगवान महर्षि बाल्मीकि व संत गुरु रविदास मार्ग व चौक बनाने के बारे में विचार
▶▶| पूरे नगरपालिका सीमा की कॉलोनी जिसमें सीवर, पानी, बिजली, सड़क जैसी सुविधाएं पहले से ही मौजूद है उसको अप्रूव्ड क्षेत्र घोषित करने।
▶▶| महाराणा प्रताप चौक पर हाई मास्क लाइट लगाने।
▶▶| ब्रह्मचारी रोड से सामुदायिक कम्युनिटी सेंटर होते हुए अम्बेडकर चौक तक 30 फीट चौड़ी सड़क मार्ग बनाकर दोनों तरफ नगरपालिका की दुकानें बनाने।
▶▶| सभी श्मशान घाट पर उनकी आवश्यकता अनुसार सुविधाएं उपलब्ध करवाने।
▶▶| धौलपोश गौशाला से मोड़ावाली आश्रम तक नगरपालिका की जमीन का सौंदर्य करण व ग्रीनबेल्ट बनाने।
▶▶| नगरपालिका के वर्तमान में प्रधान, उप प्रधान और सभी पार्षदगण द्वारा नगरपालिका की किसी भी तरह की प्रोपर्टी जमीन या दुकान पर अवैध रूप से किए कब्जे या फिर अवैध रूप से की गई रजिस्ट्री की जांच कर उचित कार्रवाई करने के बारे में विचार।

### नपा प्रधान और पार्षदों की संपत्ति की होगी जांच, दोषी मिलने पर होगी कारवाई

**महेंद्रगढ़।** नपा ने अपनी जमीन पर अवैध निर्माण करने वाले पार्षदों के खिलाफ करने के निर्णय लिया है। जांच के दौरान अगर किसी पार्षद का नपा की जमीन पर कब्जा पाया जाता है तो पार्षद के खिलाफ कार्रवाई की जाएंगी। यह निर्णय वीरवार को आयोजित नपा हाउस की बैठक में लिया गया है।

- वीरवार नपा कार्यालय में आयोजित हाउस की बैठक में लिया गया निर्णय, सभी पार्षदों पर प्रस्ताव पर जताई सहमति
- सभी पार्षदों की दुकान, मकान व अन्य जगह की रजिस्ट्री की नपा करेगी जांच
- शहर को अतिक्रमण से निजात दिलाने पर नपा की जमीन से कब्जे छुड़वाने के लिए लिया गया है

बैठक के दौरान नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी ने सभी पार्षदों ने समक्ष अपना प्रस्ताव रखा। जिस पार्षदों ने अपनी सहमति जताई। नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी ने कहा कि नगर पालिका की जमीन पर काफी लोग ने अवैध रूप से निर्माण कर रखा है। वहीं स्थानीय दुकानदारों द्वारा शहर की सड़कों से आठ से 10 फीट तक अतिक्रमण कर रखा है। जिससे बाजार की जाम स्थिति बनी रहती है। ऐसे में सबसे पहले हम अपने आप जांच कराएंगे। अगर किसी पार्षद ने अवैध रूप से निर्माण कर रखा है तो नगर पालिका की ओर से उस पार्षद के खिलाफ कार्रवाई करेंगी। नगर पालिका की ओर से पार्षदों के आवास, दुकान व अन्य जगहों की रजिस्ट्री की जांच करेगी। यह निर्णय नपा हाउस की बैठक पास किया गया अब तक का सबसे ऐतहासिक निर्णय माना जा रहा है। पार्षदों की जांच होने के बाद नपा शहर में लोगों द्वारा नगर पालिका की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ भी सख्त कदम उठा सकती है। काफी संख्या में बन चुकी अवैध दुकानें तथा आवासः शहर में काफी स्थानों पर नगर पालिका की जमीन पर लोगों ने अवैध रूप से निर्माण कर रखा है। जिसमें शहर का शॉपिंग कॉम्पलैक्स, गांधी मार्केट व आईटीआई रोड शामिल है। नगर पालिका की ओर से शॉपिंग कॉम्पलैक्स में दुकानों व निर्माण करके किराए पर दी गई थी।

*धोखाधड़ी, चोरी, बर्बरता, जबरन वसूली के प्रति किया जागरूक*

## कृष्णनगर कॉलेज में छात्रों को साइबर अपराध से बचने के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय कृष्णनगर के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का प्रारंभ प्रातः कालीन सभा के साथ किया गया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने योग अभ्यास किया। योग अभ्यास के बाद सभी स्वयंसेवकों ने प्रातः कालीन सत्र में राजकीय उच्च विद्यालय बलाहा कला में श्रम दान का कार्य करके स्वच्छता को अपने जीवन शैली में अपनाने का संदेश दिया। प्रातः कालीन सत्र में ही श्रम दान के बाद रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर राम सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को नशीले पदार्थों का युवा वर्ग पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आज के समाज में हमारी युवा पीढ़ी तेजी से नशीले पदार्थों की चपेट में आ रही है। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों का सेवन करने वाले युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम अधिक होता है, जिसमें अवसाद, आचरण संबंधी समस्याएं, व्यक्तित्व विकार, आत्महत्या के विचार, आत्महत्या का प्रयास और आत्महत्या शामिल हैं। सायं कालीन सत्र में महावीर पुलिस चौकी इंचार्ज रवि मेहरा ने साइबर क्राइम पर स्वयंसेवकों को जागरूक किया। उन्होंने कहा साइबर अपराध जिसे कंप्यूटर अपराध या सूचना प्रौद्योगिकी अपराध (आईटीसी) के रूप में भी जाना जाता है, धोखाधड़ी, चोरी, बर्बरता, जबरन वसूली, पहचान की चोरी और जासूसी जैसे अपराध करने के लिए कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अवैध उपयोग है। साइबर क्राइम से बचाव के लिए हम अनेक उपाय कर सकते है जैसे मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। सोशल मीडिया को निजी रखें। अपने भंडारण डेटा को सुरक्षित रखें। पासवर्ड को बार-बार बदलते रहें। अपने फ़ोन को सुरक्षित रखें। सुरक्षा सॉफ़्टवेयर से अपने कंप्यूटर को सुरक्षित रखें। मदद के लिए सही व्यक्ति को बुलाएं।




**नारनौल।** शिविर में पहुंचने पर चौकी प्रभारी रवि मेहरा का स्वागत करते हुए।

*एक एकड़ फसल जलमग्न हो गई किसान परेशान*

## हसनपुर डिस्ट्रीब्यूटरी की नहर टूटी भूप कॉलोनी तक पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में निजामपुर रोड व कोरियावास मोड़ के बीच में जा रही हसनपुर डिस्ट्रीब्यूटरी नहर टूट गई। इससे कई एकड़ फसल जलमग्न हो गई। इससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं नहर के टूटने से उसका पानी शहर की भूप कालोनी तक आ गया। जहां पर कई खाली प्लाटों में पानी जमा हो गया। नहर विभाग को जब इसकी सूचना लगी तो नहर को अस्थाई रूप से बंद कराया गया। शहर के पश्चिमी-दक्षिणी हिस्से में निजामपुर रोड व कोरियावास मोड के बीच सैनी धर्मकांटा के पास नहर गुरुवार को अचानक टूट गई। इस नहर के टूटने के कारण निजामपुर रोड पर सैनी धर्मकांटा से कोरियावास मोड़ तक के कई एकड़ खेतों में पानी भर गया। जिसके कारण सरसों व गेहूं की फसल खराब हो गई। यहां पर शहर के पीर आगा व सलामपुरा के किसानों के खेत लगते हैं। जिसके कारण शहर के किसानों को काफी नुकसान हुआ है। इसकी सूचना लोगों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने नहर को टेंम्परेरी रूप से बंद कराया। शहर की कालोनी तक पहुंचा पानी शहर में पानी का बहाव दक्षिण से उत्तर की ओर है। शहर के दक्षिणी की ओर नहर टूटी थी।



**नारनौल।** नहर टूटने से बाहर जाता पानी। फोटो :हरिभूमि

*सहकारिता मंत्री सुनेंगे शिकायतें*

## आज नहीं कल होगी जिला लोक संपर्क समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में 21 मार्च को पंचायत भवन में होने वाली जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक किसी प्रशासनिक कार्यों के कारण स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 22 मार्च को सुबह 11 बजे पंचायत भवन में होगी। इसमें पहले से निर्धारित 16 मामलों की सुनवाई करेंगे। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि इस बैठक में अधीक्षक अभियंता दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के तीन, उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का एक, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) का दो, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग नारनौल/खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नांगल चौधरी का एक, अधीक्षक अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग / कार्यकारी अधिकारी एचएसवीपी रेवाड़ी का एक, अधीक्षक अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग आदि रहेंगे मौजूद

*सड़क टूटने से बढ़ी दिक्कत*

## पहले तोड़ी गई सड़क तो बनी नहीं , अब डाकघर की भी तोड़ी, धंधा हुआ ठप्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के मुख्य पुराने बाजार की सिटी डाकघर वाली गली की सड़क को भी तोड़ दिया गया है। जो तोड़ी थी, उसका निर्माण अभी किया नहीं, ऊपर से इस गली को ओर तोड़ दिया। जिससे आवागमन रूक गया। इस बात से नाराज यहां के दुकानदारों ने वीरवार नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया। इन दुकानदारों का कहना है कि शहर की सभी गलियों को तोड़ दिया गया है। इससे उनकी दुकानदारी ठप हो गई है। आज इस गली की सभी दुकानें बंद रही।

शहर में इन दिनों कई जगह नए रोड बनाने का कार्य चल रहा है। इसी के चलते मां चामुंडा देवी मंदिर के सामने सिटी डाक घर वाली गली में भी रोड का निर्माण होना है। निर्माण से पूर्व पुराने रोड को रात को बुलडोजर की सहायता से तोड़ दिया गया। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने आए तो उन्हें रोड टूटा मिला। दुकानों के सामने बने चबूतरों को भी रोड निर्माण के कारण तोड़ दिया गया। इससे दुकानदारों में प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है।



**नारनौल।** डाकघर गली की तोड़ी गई सड़क को दिखाते दुकानदार।

### क्या कहते है दुकानदार

दुकानदार मुकेश वालिया व लखबीर सिंह ने बताया कि शहर में मुख्य बाजार में रोड निर्माण का कार्य चल रहा है। यह कार्य दो महीनों से चला हुआ है। दो महीनों में वहां पर कोई खास प्रोग्रेस नहीं हुई है। निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। वह रोड टूटा हुआ था, तब अधिकांश लोग बाजार में आने के लिए सिटी डाकघर वाली गली का प्रयोग करते थे, मगर अब यह रोड भी तोड़ दिया गया। ऐसे में लोग कहां से आएंगे। इससे उनकी दुकानदार प्रभावित होगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**नारनौल।** बीती देर शाम को निजामपुर आउटर पर एक ट्रेन की चपेट में आने से करीब 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला ढाढा फतेहपुरा तहसील खेतड़ी राजस्थान की रहने वाली थी और अपने बेटी के यहां जाने के लिए घर से आई थी। जानकारी मुताबिक बीती शाम को निजामपुर रेलवे स्टेशन के नजदकी एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। महिला की पहचान करीब 55 वर्षीय सरोज देवी पत्नी रामकिशन वासी ढाढा फतेहपुरा के रूप में हुई। शाम को करीब साढ़े सात बजे जीआरपी नारनौल को सूचना मिली, जीआरपी तो शव को नागरिक अस्पताल लेकर आई।

*खेडी कांटी की महिला अनिता शर्मा बनी आमजन के लिए प्रेरणा स्रोत*

# मां ने बेटे को खुद का दिया लीवर, परिवार में वापस लौटी खुशियां

- लीवर ट्रांसप्लांट के लिए मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री राहत कोष सहित आम जन की मिली मदद

दलीप सिंह ▶▶| कनीना

मां की ममता के आगे सबकुछ गौण है। जन्म देने के बाद संतान पर कोई मुसीबत आती है तो अनायास ही मां का आंचल मुसीबत को टालने के लिए बिछ जाता है। वह मुसीबत भले ही किसी ज्ञातण्अज्ञात शत्रु द्वारा खड़ी की गई हो या असाध्य व गंभीर बीमारी का रूप लेकर आई हो। ऐसा ही वाक्या अटेली विधानसभा के गांव खेडी कांटी में देखने को मिला है। जहां एक महिला अनिता शर्मा ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए आर्थिक रूप से विषम परिस्थितियों व चुनौतियों का सामना करते हुए अपने 16 वर्षीय बेटे लक्ष्य त्रिपाठी को लीवर डोनेट कर न केवल जीवनदान दिया है बल्कि परिवार की खुशियों को कायम रखने में अहम भूमिका निभाई है। अनिता शर्मा बीए पास होने के साथ साथ कुशल गृहणी है जो पूरे परिवार को एकसूत्र में पिरौने में कामयाब रही है। उनके पति गांव में ही छोटी सी दुकान चलाकर परिवार का पोषण कर रहे हैं।

### परिवार की खुशियों को जिंदा रखा

*डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि लीवर दानकर महिला अनिता शर्मा ने अपने परिवार की खुशियों को जिंदा रखा है हालांकि ग्रामीणों तथा परिवार के सदस्यों ने पहले इस जोखिम भरा फैसला बताया, लेकिन अनिता शर्मा बेटे के लिए लीवर डोनेट करने के फैसले पर अडिग रही। इस घटना के बाद महिला दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई है।*



**कनीना।** लीवर डोनेट करने के बाद अस्पताल में उपचाराधीन महिला अनिता शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### 12 घंटे ऑपरेशन की कार्रवाई चली

रकम की व्यवस्था होने के बाद लक्ष्य की मां अनिता शर्मा ने अपने बेटे को लीवर डोनेट करने की इच्छा जताई। महिला की हिम्मत देख उनके भाई महिपाल ने रक्त देने का बीड़ा उठाया। सारी औपचारिक्ताएं पूरी होने के बाद गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में डा. नीलम मोहन की देखरेख में करीब 12 घंटे ऑपरेशन की कार्रवाई चली। जिसमें मां के लीवर को बेटे के लीवर की जगह प्रत्यारोपित किया गया। फिलहाल मां व बेटा दोनों स्वस्थ हैं, जिन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा चुका है।

### जन्म से ही थी लीवर की समस्या

11 कक्षा में पढ़ने वाले बेटे लक्ष्य त्रिपाठी को जन्म से ही लीवर संबंधी समस्या थी, जिस पर चिकित्सकों ने 15-16 साल बाद लीवर ट्रांसप्लांट करने की सलाह दी थी। परिजनों को तभी से उपयुक्त डोनर तलाशे जाने तथा लीवर ट्रांसप्लांट में होने वाले खर्चे की व्यवस्था बनाने को लेकर चिंता सताए जा रही थी। प्रदेश के नामी अस्पताल के चिकित्सकों ने लीवर ट्रांसप्लांट ऑपरेशन के लिए 22 लाख तथा दवा आदि फोलो करने के लिए 10-12 लाख रुपये अतिरिक्त खर्चे का एस्टीमेट बताया था। यह सुनकर परिजनों के पैरों तले से मानों जमीन खिसक गई। दिनोंदिन चिंता में डूबे परिजनों के सामने इतनी रकम का कोई जुगाड़ दिखाई नहीं दे रहा था। अंततः उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, भिवानी महेंद्रगढ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, प्रधानमंत्री राहत कोष व सोशल मीडिया के जरिए ग्राम व क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की। उसके बाद क्या था, देखते-देखते उम्मीदों के द्वार खुल गए, किंतु उपयुक्त लीवर डोनर नहीं मिला।



**कनीना।** उपचाराधीन 16 वर्षीय बेटा लक्ष्य



विशेष : विश्व जल दिवस, 22 मार्च

बच्चो, हम हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाते हैं। जल का हमारे जीवन में क्या महत्व है, विश्व जल दिवस हम किन उद्देश्यों को लेकर मनाते हैं, इस बारे में तुम्हें जरूर जानना चाहिए।

# जीवन है जल आओ करें संरक्षित

अवेयरनेस / शिखर चंद जैन

बच्चो, जीवन के लिए हवा, भोजन और पानी तीनों बहुत जरूरी हैं। हम तभी जीवित रह सकते हैं, जब सांस लेने के लिए हवा मिले, पेट भरने के लिए भोजन और प्यास लगने पर पानी मिले। पृथ्वी पर अगर पानी न हो तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बच्चो, इस संदर्भ में तुम्हें यह भी जानकारी होनी चाहिए कि हमारी पृथ्वी का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा जल से भरा है, लेकिन हम जो पानी उपयोग कर सकते हैं, वह पृथ्वी पर मौजूद पानी का एक प्रतिशत से भी कम हिस्सा है, जिसे हम मीठा पानी कहते हैं। यह स्वच्छ और मीठा पानी दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। आज इसके संरक्षण की बहुत आवश्यकता है।

### विश्व जल दिवस की शुरुआत



जीवन के लिए जल के महत्व को समझते हुए और विश्व में लगातार स्वच्छ और पेय जल की कमी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र यानी यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया। 22 मार्च 1993 को पहला विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाया गया। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

### हर साल रहती है एक थीम

यूनाइटेड नेशंस के संगठनों के परामर्श से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस की एक थीम रखी जाती है। 2025 की थीम है-ग्लेशियर संरक्षण। बच्चो, तुम्हें पता होगा कि ग्लेशियर दुनिया में मीठे पानी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत है। भविष्य में हमारे सामने जल संकट न आए, इसके लिए इन ग्लेशियरों का बचा रहना बहुत जरूरी है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और अन्य कई कारणों से ये ग्लेशियर बहुत ही तेजी से पिघल रहे हैं। 'ग्लेशियर संरक्षण' थीम दुनिया के ग्लेशियरों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देगी। हम अपने ग्लेशियरों को कैसे बचाएं, इसके लिए लोगों को जागरूक करेगी।

### क्या हैं इसके उद्देश्य

अब विश्व जल दिवस के उद्देश्यों की बात करते हैं। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं-सभी को पीने योग्य साफ मीठा पानी मिले। इसके लिए पानी को सही तरीके से साफ किया जाए। पानी को जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किया जाए। पानी की बर्बादी को रोका जाए। इसके साथ ही हम ऐसे नेचर-फ्रेंडली कदम उठाएं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग कम हो।

### क्या-क्या होता है आयोजन में

विश्व जल दिवस के अवसर पर दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरणविद और नीति निर्माता, समुदाय और संगठन जल संकट और इसके समाधान के उपायों पर चर्चा करते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी जल संरक्षण और प्रबंधन पर सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्थानीय समूह और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) नदियों, झीलों और अन्य जल निकायों (वाटर बॉडीज) की सफाई करते हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े सेलिब्रिटीज लोगों को पानी की बर्बादी न करने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। *

### जल संरक्षण के लिए तुम भी करो प्रयास



**बच्चो, तुम** भी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो, जैसे-

- घर में पानी के उपयोग न होने पर नल बंद कर दो।
- अपने दोस्तों को भी जल बचाने के महत्व के बारे में बताओ।
- जल संरक्षण के बारे में जरूरी फैक्ट और इसका महत्व आकर्षक पोस्टर और वीडियोज बनाकर लोगों को बताओ।
- किसी एनजीओ या संगठन से वॉलंटियर के रूप में जुड़कर अपने आस-पास की प्रदूषित नदियों, झीलों और समुद्र तटों को साफ करने के कामों में अपना योगदान दो।



कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पानी

जिस पृथ्वी पर रहते हैं हम
उसकी अजब कहानी है।
एक भाग पर स्थल इसके
तीन भाग पर पानी है।
'लेवोइजो' ने बतलाई
तब सारी दुनिया जानी।
कैसे बनता, कहां से आता
क्या होता है यह पानी।
वैज्ञानिक कहते-पानी है
दो गैसों का संयोजन।
दो हिस्सा हाइड्रोजन होता
एक भाग है ऑक्सीजन।
यों तो हम जिस ओर भी देखें
बस जल ही जल फैला है।
लेकिन उसमें से ज्यादातर
प्रदूषित और मैला है।
साफ, स्वच्छ पानी छोड़े
कपड़े, बरतन पर दाग नहीं।
रंगहीन होता है,
इसमें गंध नहीं और स्वाद नहीं।
प्रदूषित पानी में कुछ
रोगाणु हैं होते मिले हुए।
घातक खनिज रसायन ढेरों
इसके अंदर घुले हुए।
बात साधारण, नहीं जानते
पर इसको बहुतेरे लोग।
गंदा पानी पीने से ही
हो जाते हैं ढेरों रोग।

जानकारी / नयनतारा

बच्चो, दूध पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी है। इसीलिए इसे 'कंप्लीट फूड' भी कहा जाता है। इंसान ने गाय के दूध दुहने की शुरुआत कब से की, दूध के प्रमुख स्रोत क्या हैं, जानो।

# गाय के दूध की कब से हुई शुरुआत



बच्चो, दूध तो तुम सभी पीते होगे, लेकिन क्या तुम्हारे मन में कभी ये सवाल आया कि दुनिया में सबसे पहले गाय के दूध यानी काऊ मिल्क का इस्तेमाल कब किया गया? या फिर काऊ मिल्क के उपयोग का सबसे पुराना साक्ष्य कब का मिलता है?

**हजारों सालों से उपयोग हो रहा गाय का दूधः** मान्यताओं के अनुसार गाय के दूध का प्रयोग मानव सभ्यता के आदिकाल से किया जाता रहा है। साक्ष्यों की बात करें तो प्राचीन नगर बेबीलोन (वर्तमान इराक देश) के निकट लगभग पांच हजार साल पुराना एक मंदिर खोजा गया है। मंदिर की दीवारों पर अनेक चित्र उकेरे हुए हैं। एक चित्र में लोगों को गाय का दूध निकालते हुए दिखाया गया है।

**चित्र में क्या दिखाया गया हैः** बेबीलोन के मंदिर से प्राप्त चित्र में एक व्यक्ति पीछे की तरफ से दूध निकाल रहा है, वह एक स्टूल जैसी चीज पर बैठा हुआ है। अन्य व्यक्ति जमीन पर रखे कंटेनर में दूध ले रहे हैं। एक तीसरा समूह पत्थर के विशाल जारों में निकाले गए दूध को एकत्र कर रहे हैं। इस चित्र से ऐसा प्रतीत होता है कि हजारों साल पहले भी गाय से दूध निकालने, इसके इस्तेमाल करने के साथ-साथ गाय के दूध का व्यापार भी काफी संगठित था।

**आधुनिक युग में दूध के प्रमुख स्रोतः** आज जो दूध हम इस्तेमाल करते हैं, उसका प्रमुख स्रोत गाय के अलावा भैंस, बकरी आदि जंतु भी हैं। इसके अलावा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वहां पाए जाने वाले अन्य जानवरों के दूध का भी प्रयोग किया जाता है। जैसे-एशिया महाद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर गाय-भैंस के अलावा ऊंटनी, घोड़ी, याक और भेड़ जैसे जानवर भी दूध के प्रमुख स्रोत हैं। बर्फीले इलाकों में रहने वाली एस्किमो और लैपलैंडर्स जनजाति दूध के लिए कारिबोऊ और रेनडियर का उपयोग करते हैं। हमारे भारत और सेंट्रल एशिया के देशों में गाय के साथ-साथ भैंस भी दूध का प्रमुख स्रोत है। *

### दूध है कंप्लीट फूड



**बच्चो, दूध** को संपूर्ण भोजन यानी 'कंप्लीट फूड' कहा जाता है। इसमें कई सारे पौष्टिक तत्व एवं न्यूट्रीएंट्स, जैसे-कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन, मिल्क शुगर (लैक्टोज) और मिल्क प्रोटीन (कैसीन) आदि पाए जाते हैं। दूध आसानी से पच जाता है, इसलिए ये तत्व हमारे शरीर में जल्दी और सही ढंग से एब्जॉर्ब हो जाते हैं। इसलिए बच्चो हमें रोज दूध पीना चाहिए।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशप्रेम की रोमांचक कहानी



बच्चो, 'ये देश हमारा है' देशप्रेम की भावना जगाने वाला एक रोचक-रोमांचक बाल उपन्यास है। इसमें पांच एनसीसी कैडेट्स सक्षम, अक्षय, हार्दिक, आराध्या और मान्यता ट्रेनिंग कैंप के लिए सेना के अधिकारी कैप्टन ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ हिमालय के सीमावर्ती इलाके में जाते हैं। लेकिन वे सब जिस हेलीकॉप्टर में जा रहे होते हैं, उसका एक्सीडेंट हो जाता है। उनकी जान तो बच जाती है लेकिन वे घने जंगल में फंस जाते हैं। वहां दुश्मन देश के सैनिक कैप्टन वर्मा को पकड़ लेते हैं। फिर उन्हें छुड़ाने के लिए सक्षम किस बुद्धिमानी से उन सबका पीछा करता है? कैसे पांचों बहादुर बच्चे जंगल के निवासियों की मदद से देश के दुश्मनों के गुप्त अड्डे का पता भारतीय सेना को बताकर अदम्य साहस का परिचय देते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह रोमांचक उपन्यास पढ़ना होगा। पांच बच्चों की देशभक्ति और साहस से भरी यह कहानी पढ़कर तुम्हारे मन में भी अपने देश के लिए कुछ करने की भावना प्रबल हो उठेगी।

**किताबः** ये देश हमारा है (बाल उपन्यास), **लेखकः** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्यः** 199 रुपए, **प्रकाशकः** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

हिंदी ज्ञान / आशा शर्मा

बच्चो, निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के रिक्त स्थनों में एक ही शब्द भरा जाएगा। उस उपयुक्त शब्द को भरकर इन मुहावरों/लोकोक्तियों को पूरा करो।

1. ........ का धुला होना।
2. ........ का ........ और पानी का पानी करना।
3. ........ के दांत टूटना।
4. ......... का जला छाछ भी फूंक कर पीता है।
5. ......... दही की नदियां बहना।
6. छठी का .......... याद आना।
7. .......... के कुल्ले करना।
8. ........... में खट्टड़ डालना।

## जीके क्विज-146




1. फरवरी 2025 के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?
2. हाल ही में किस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वन-डे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की?
3. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन-सा है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
6. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?
7. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
8. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
9. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
10. झारखंड की राजधानी कहां है?

बच्चो, जीके क्विज-146 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-145 का उत्तर :** 1.होलिका, 2.बरसाना (मथुरा), 3.न्यूजीलैंड, 4.गुजरात, 5. 22 मार्च, 6.अचंता शरत कमल, 7.तमिलनाडु, 8.जयपुर, 9.बांग्लादेश, 10.पेरिस

**जीके क्विज-145 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, डॉली-दुर्ग, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिशा-बेमेतरा, कुणाल-रोहतक

# कौए को भाया काला रंग



एक दिन कौआ बहुत उदास था। उसकी इस उदासी की वजह थी-उसके पंखों का काला रंग। लेकिन जब कई पक्षियों ने आकर कौए को अपनी-अपनी आपबीती सुनाई तो उसे लगा कि उसका काला रंग सबसे अच्छा है। इन पक्षियों ने ऐसी क्या आपबीती कौए को सुनाई, जो उसे अपना काला रंग भा गया?

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कौआ पेड़ की डाल पर चुपचाप बैठा था। उसके काले-चमकीले पंख धूप में चमक रहे थे। लेकिन उसे अपने पंखों का काला रंग पसंद नहीं था। इसलिए वह उदास था। तभी बगल की डाल पर एक गौरैया आकर बैठ गई। पहले तो कौए ने उधर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब एकाएक उसकी नजर गौरैया के पंखों पर पड़ी तो वह चौंक पड़ा! उसके पंखों में गुलाबी रंग लगा हुआ था। कौआ हंस पड़ा, उसने पूछा, 'अरे! तुम्हारे पंखों को यह क्या हुआ?'

गौरैया कुछ नहीं बोली। उदासी से मुंह लटका लिया। कौए को हैरानी हुई, वह बोला, 'तुम इसे साफ क्यों नहीं कर लेतीं?'

गौरैया उदास स्वर में बोली, 'मैंने बहुत कोशिश की। धूल में लोट-पोट मचाई। पोखर में छपछैया की, लेकिन जाने कैसा रंग है, छूटता ही नहीं। अब तो इन पंखों के झड़ने का इंतजार कर रही हूं, तभी इससे छुटकारा मिलेगा।' 'पर यह रंग लगा कैसे?' कौए को जिज्ञासा हुई। 'दरअसल...।' गौरैया ने बताया, 'तुम्हें तो पता ही है कि मैं इंसानों के बीच रहना पसंद करती हूं। एक दिन मैं एक घर की मुंडेर पर बैठी थी। मुझे आंगन में कुछ दाने पड़े दिखाई दिए।

भूख तेज लगी थी। मैंने आव देखा न ताव, दानों पर झपट पड़ी। जैसे ही मैंने चोंच मारी कि 'खट' की आवाज हुई और चारों तरफ अंधेरा छा गया।' 'अरे...!' कौआ हैरानी से बोला। 'हां, असल में कुछ शरारती बच्चों ने एक डलिया को लकड़ी के सहारे टिका रखा था और लकड़ी को रस्सी से बांधकर छिप गए थे। मैं दानों के चक्कर में जैसे ही अंदर पहुंची कि उन्होंने रस्सी खींच ली और मैं डलिया के अंदर बंद हो गई। फिर वे मुझे पकड़ कर बहुत देर तक मेरे साथ खेलते रहे। जब मन भर गया तो मेरे पंखों पर रंग लगाकर छोड़ दिया।' गौरैया ने बताया।

'पर उन्होंने ऐसा क्यों किया?' कौए ने पूछा। गौरैया ने वजह बताई, 'वे कह रहे थे कि मैं जहां कहीं उड़ती दिखूंगी तो वे मुझे पहचान लेंगे।' गौरैया अपनी कहानी बताकर चली गई। तभी दो कबूतर उड़कर उधर आ बैठे। उनमें एक के माथे पर नीला और दूसरे के लाल रंग का धब्बा लगा हुआ था। 'क्या तुम्हें भी शरारती बच्चों ने पकड़ लिया था?' कौए ने उत्सुकता से पूछा।

'नहीं तो..!' दोनों कबूतर एक साथ बोले। 'तो फिर तुम्हारे माथे पर रंग कैसे लगा हुआ है?' कौए ने जानना चाहा।

'यह तो हमारे मालिक ने लगाया है ताकि वे हमें पहचान सकें।' लाल धब्बे वाले कबूतर ने दुख के साथ बताया।


'हम दोनों पक्के दोस्त हैं, लेकिन बड़ी मुश्किल से मिल पाते हैं। हम दोनों के मालिक अलग-अलग हैं। वे हमें मिलने ही नहीं देते।' नीले धब्बे वाले कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए कहा। 'चलो, अब अपने दड़बे में वापस लौटने का समय हो गया है। वर्ना हमारे मालिक हमें ढूंढ़ते हुए यहां भी आ पहुंचेंगे।' यह कहते हुए दोनों कबूतर अपने पंखों से 'सन-सन-सन' आवाजें निकालते हुए वापस चले गए। कबूतरों के जाते ही एक बगुला हांफता हुआ उधर आ गया। उसके पंखों पर कीचड़ और काई जमी हुई थी।

कौए ने पूछा, 'बगुले भाई, तुम्हारे पंख कैसे गंदे हो गए?' बगुला उबासी लेता हुआ बोला, 'मैं दिन भर काई भरे कीचड़-पानी में रहता हूं। बिना हिले-डुले चुपचाप खड़े रहने से पंखों पर गंदगी चढ़ जाती है। इसीलिए मेरे पंख गंदे रहते हैं।' 'लेकिन पानी से धोने पर ये साफ भी तो हो सकते हैं।' कौए ने कहा।

'हां, पर कीचड़ में घुसने पर फिर लग जाती है। इसलिए मैं इसे साफ करने की तरफ ध्यान ही नहीं देता।' कहकर बगुला धीमे से हंसा और वहां से चला गया। कुछ ही देर में वहां सतभैये आकर चहचहाने लगे। कौए ने ध्यान से देखा तो एक का रंग बिल्कुल पीला हो रहा था। कौए ने सोचा शायद वह इन सबका लीडर होगा। लेकिन जब कौए ने पूछा तो उसने बताया, 'एक बार हम लोग एक घर के आंगन में उछल-कूद मचा रहे थे। आंगन में खाने-पीने की चीजें सूखने को रखी थीं। हल्दी का पावडर भी रखा था। अचानक एक बिल्ली हम पर झपट पड़ी। बिल्ली का हमला देखकर सब तो भाग लिए पर मैं हड़बड़ी में हल्दी के टोकरे में जा गिरा। वह दिन है और आज का दिन, पंखों से यह रंग उतरता ही नहीं।'

उसकी बात पर चहचहा रहे सतभैये चुप हो गए। फिर उनमें से एक ने कौए के पंखों की ओर देखते हुए कहा, 'लेकिन तुम्हारे पंखों का रंग सबसे अच्छा है। काले रंग पर कोई दूसरा रंग चढ़ ही नहीं सकता।' 'हां, मुझे अपना काला रंग पसंद है।' कौए ने कहा और खुशी से अपने पंख फैला दिए। उसके पंखों पर सुनहरी धूप चमकने लगी। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## बसंत के दिन आए...

सूरज प्रतिदिन नियम बनाकर
उगता है फिर ढल जाता है।
चंदा तारों के संग मिलकर
आसमान को दमकाता है।
सूरज की किरणें आती हैं
पत्ती-पत्ती खिल जाती है।
चंदा की किरणों से मिलकर
खड़ी कुमुदिनी मुस्काती है।
मौसम बदला, सूरज मचला
बड़ी-बड़ी बांहें फैलाए।
छू-मंतर हैं जाड़े के दिन
अब बसंत के दिन आए।
पीली सरसों फुली हुई हैं
पीली हुईं दिशाएं सब।
नया बौर आमों में आया
भौंरे गुन-गुन गाएं अब।
फूला-फूला 'तीसी' का मन
चना-मटर की बजीं तालियां।
मस्त-मगन हो झूम रही हैं
गेहूं की सब हरी बालियां।
दूर-दूर तक खुले खेत में
हवा नाचती छम-छम-छम।
सोंधी-सोंधी खुशबू फैली
जिसमें डूब गए हैं हम।

## रंग भरो-171

**रंग भरो-171** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


सौम्य, बालोद


तक्षित, बिलासपुर


कुंजल, कोरबा


बेबी, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आलोक-दुर्ग, भावना-भिवानी, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितिका-बिलासपुर, समृद्धि-चांपा, वेदिका-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, अमन-बिलासपुर, स्वीटी-कोरबा

## रंग भरो 172



बच्चो, यहां जंगल में मस्ती करते कुछ एनिमल्स का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति रथ यात्रा का स्वागत

**नारनौल।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन हेतु निकाली जा रही रथ यात्रा वीरवार को नारनौल पहुंची। नारनौल पहुंचने पर रोटरी क्लब नारनौल सिटी द्वारा रथ यात्रा का स्वागत किया गया। बालाजी घाटा मेहंदीपुर महाराज ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नरेश पुरी महाराज की प्रेरणा से संयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर के सानिध्य में श्री कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु संपूर्ण भारत वर्ष से यह रथ यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के नारनौल पधारने पर रोटरी क्लब नारनौल सिटी के प्रधान विनोद चौधरी ने सभी सदस्यों के साथ किया स्वागत।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 22 से 29 मार्च तक

**नारनौल।** शहर के मोहल्ला चांदूवाड़ा में स्थित धार्मिक रामलीला मैदान में 22 मार्च से 29 मार्च तक कथा व्यास पंडित नवीन कौशिक के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा में मुख्य यजमान भगवत स्वरूप गोस्वामी और रमेश चंद शर्मा रहेंगे। कथा से पूर्व विशेष कलश व वैजयंती माला यात्रा 22 मार्च प्रातः आठ बजे मां चामुंडा देवी मंदिर से निकाली जाएगी, जो कथा स्थल रामलीला मैदान चांदूवाड़ा में पहुंच कर संपन्न होगी।

### श्रीगौड़ सभा कनीना की बैठक 23 को

**कनीना।** श्रीगौड़ सभा के सदस्यों की आम सभा का आयोजन 23 मार्च को सुबह नौ बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल क्लब में किया जाएगा। इस संबंध में सभा प्रधान डॉरविंद्र कौशिक ने बताया कि बैठक में सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। वहीं सभा की तीन वर्षीय कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा।

*सभी लाभार्थियों को दीं शुभकामनाएं*

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1222 ग्रामीण लाभार्थी, 350 के खाते में डाली पहली किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

**खास बातें**

- सीएम ने वीसी के जरिए की पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आर्थिक सहायता की प्रथम किस्त वितरित

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता की प्रथम किस्त जारी करते हुए प्रदेश के सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व है कि वह हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करवाएं और उसी दायित्व को पूरा करने के लिए केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार तेजी से कार्य कर रही है। अब जल्द ही जिन लोगों के पास अपना स्वयं का मकान नहीं था उनको मकान मिल जाएगा। जिला ने जिला महेंद्रगढ़ के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कुल 1222 लाभार्थी हैं। इनमें से आज 350 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त डाल दी गई है, शेष लाभार्थियों की राशि जारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि मकान के लिए लाभार्थी को तीन



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मौजूद डीसी डॉ विवेक भारती।

किस्तों में एक लाख 38 हजार रुपये की राशि मिलेगी। पहली किस्त में 45 हजार रुपये, दूसरी किस्त में 60 हजार रुपये तथा तीसरी किस्त में 33 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। इसके अलावा मनरेगा स्कीम के तहत लाभार्थी को 90 दिन की मजदूरी दी जाती है जिससे उसे आर्थिक मदद के लिए 33660 रुपए की राशि मिलती है। डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत नए लाभार्थियों की चयन प्रकिया आरंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि पात्र नागरिक इस योजना के लिए आवास प्लस एप पर स्वयं भी रजिस्ट्रेशन कर सकता है। इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ मनोज कुमार, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, बीडीपीओ रेणुलता के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय से जानकारी ले सकते हैं।

**नई सर्वे आवास प्लस**

जिला परिषद के सीईओ मनोज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत नए पात्र प्रार्थियों का सर्वे भारत सरकार द्वारा जारी नई आवास प्लस एप के माध्यम से किया जाना है। उपरोक्त सर्वे के लिए इस जिला की सभी 343 पंचायतों के लिए सभी सर्वेयर के नाम अलॉट किए जा चुके हैं तथा जिले की समस्त पंचायतों में सर्वे का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वे परिवार जो निम्नवर्णित 10 पैरामीटरं में से किसी एक को भी पूरा करने वाला वह स्वतः ही बाहर हो जाता है।

- ▶▶| मोटरयुक्त तिपहिया/चौपहिया वाहन/मछली पकड़ने की नाव।
- ▶▶| मशीनी तिपहिया/चौपहिया कृषि उपकरण।
- ▶▶| 50 हजार रुपये अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड।
- ▶▶| वे परिवार, जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो।
- ▶▶| सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार।
- ▶▶| वे परिवार जिनका कोई सदस्य 150 हजार रुपये से अधिक प्रति माह कमा रहा हो।
- ▶▶| आयकर देने वाले परिवार।
- ▶▶| व्यवसाय कर देने वाले परिवार।
- ▶▶| वे परिवार जिनके पास 2.5 एकड या इससे अधिक सिंचित भूमि हो और कम से कम एक सिंचाई उपकरण हों।
- ▶▶| दो या दो से अधिक फसल वाले मौसम के लिए 5 एकड या इससे अधिक सिंचित भूमि।

## 5 हजार यात्रियों के हस्ताक्षर होने के बाद रेल मंत्रालय में भेजी जाएगी मांग

# नारनौल रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने को चलाया हस्ताक्षर अभियान

- दैनिक रेल यात्री संघ ने वीरवार से शुरू किया अभियान,

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ट्रेनों की संख्या बढ़ाने तथा रेल सेवाओं में सुधार के लिए दैनिक रेल यात्री संघ ने वीरवार से हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। जिसके चलते पहले दिन नारनौल रेलवे स्टेशन पर लोगों से हस्ताक्षर कराए गए। संघ करीब पांच हजार लोगों के हस्ताक्षर करवा अपना मांगपत्र रेल मंत्री को भेजेगा। दैनिक रेलयात्री संघ के प्रधान गणेश कुमार ने बताया कि पिछले 90 दिनों से नारनौल क्षेत्र में रेल सेवाओं में बढ़ोतरी के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। इनमें मदार रोहतक ट्रेन के पुनःसंचालन व रिंग्स से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए एक नई ट्रेन की मांग शामिल है। इन मांगों के लिए संघ द्वारा रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, पीएमओ,जीएम नॉर्थ वेस्ट रेलवे, डीआरएम जयपुर नॉर्थ वेस्ट रेलवे व महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा सांसद धर्मवीर चौधरी को भी ज्ञापन सौंपा गया था। इन्हीं कोशिशों के द्वारा मदार रोहतक ट्रेन का पुनः संचालन हो पाया है। उन्होंने बताया कि नारनौल रेवाड़ी मार्ग पर बहुत सी लंबी दूरी की ट्रेन चलाई गई, लेकिन सजग प्रयास न होने व आम जनता द्वारा रेल समय सुधार की आवाज बुलंद न होने के कारण रेलवे द्वारा गलत समय प्रबंधन कर इन ट्रेनों को चलाया गया। परिणाम स्वरूप इन ट्रेनो में यात्री भार नहीं बढ़ा, क्योंकि ये ट्रेनें भी मदार रोहतक ट्रेन की तरह रेवाड़ी से नारनौल के बीच दो घंटे से ऊपर का समय लगा रही थी। बाद में रेलवे द्वारा इन ट्रेनों को बंद कर दिया गया।



नारनौल। रेलवे स्टेशन पर हस्ताक्षर अभियान चलाते यात्री संघ सदस्य।

**इस वजह से शुरू करना पड़ा**

दैनिक रेल यात्री संघ नारनौल के अध्यक्ष गणेश शर्मा अपने सभी सदस्यों के साथ मिलकर मदार रोहतक ट्रेन के नारनौल से रेवाड़ी के समय मार्जन दो घंटे से कम करके 1 घंटे का करवाने की मुहिम चलाई हुई है। साथ ही रिंग्स से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए एक नई ट्रेन चलाने की मांग रेलवे के उच्च अधिकारियों के साथ-साथ सांसद महोदय को भी की है। इसी कड़ी में दैनिक रेल यात्री संघ नारनौल द्वारा जन-जन हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में किड्स स्प्रिंग ब्लॉसम का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में किड्स सप्रिंग ब्लॉसम का उद्घाटन किया गया और साथ ही विद्यालय चेयरमैन रूपराम यादव का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान संस्थापक रामसिंह यादव, प्राचार्य रामवीर यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। किड्स सप्रिंग ब्लॉसम के उद्घाटन पर बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक और शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इस नए विंग में स्मार्ट क्लासरूम, इनडोर प्ले एरिया, डिजिटल लर्निंग बोर्ड, ऑडियो-विजुअल रूम, मिनी लाइब्रेरी, सुरक्षित प्ले-ग्राउंड और आर्ट एंड क्रॉफ्ट जोन जैसी अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह नई सुविधा नन्हे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। रंगारंग नृत्य, समूह गान और शिक्षाप्रद नाटिका ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने चेयरमैन को जन्मदिन की बधाई दी।

*अतिथियों का किया स्वागत*

## राम मंदिर बनने के बाद अब कृष्ण मंदिर बनना चाहिए : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन की रथ यात्रा के संयोजक आचार्य राजेश्वर की अध्यक्षता में यात्रा धन्नी देवी धर्मशाला जाटवास चौक पहुंची। यात्रा अगुवाई जिला ब्राह्मण सभा प्रधान एडवोकेट राकेश मेहता ने की। यात्रा का जाटवास मोड पहुंचने पर श्री श्याम सेवा मंडल प्रधान रमेश शर्मा ने कार्यकारिणी समेत सभी सदस्यों का भव्य स्वागत किया गया। माल्यार्पण करके और भगवान श्री कृष्ण का मोमेंट देकर स्वागत किया । आचार्य राजेश्वर ने कहा की राम मंदिर बनने के बाद अब कृष्ण मंदिर बनना चाहिए। श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा में भगवान श्री कृष्ण का भव्य मंदिर बने, इसके लिए यात्रा निकाली जा रही है। हिंदू की आस्था जगी है, बहुत संघर्ष के बाद राम मंदिर बना हैं। अब कृष्ण मंदिर भी बनेगा अन्य जिलों से होकर यह यात्रा मथुरा पहुंचेगी। यात्रा में विशेष रूप से आठ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले राम सिंह राजोरिया चावल पर अनेक बार नाम लिखने वाले विशेष रूप से उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। आचार्य को स्मृति चिहन भेंटकर स्वागत करते हुए।

## डी-प्लान के तहत होगा विकास

## विकास कार्यों में महेंद्रगढ़, राज्य के 5 अग्रणी जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आन्नद कुमार शर्मा ने बताया कि उपायुक्त डा विवेक भारती के मार्गदर्शन में डी-प्लान के तहत महेंद्रगढ़ जिले को वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 1454.89 लाख रुपये आवंटित हुए थे, इसमें 872.93 लाख सामन्य मद के लिए तथा 581.96 लाख एससीएसपी मद के लिए आवंटित किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए जिला नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. आन्नद कुमार शर्मा ने बताया कि जिला विकास कार्यों के राशि अदायगी करने में महेंद्रगढ़ जिला हरियाणा राज्य में 5वें स्थान पर है। जिले की गत वित्त वर्ष 2023-24 की कोई भी अदायगियां लम्बित नहीं हैं। डी-प्लान के तहत जिला के विभिन्न गांवों में एससी, बीसी तथा सामान्य वर्गों के लिए चौपालों का निर्माण, गांव की गलियों का निर्माण, पीने के पानी के लिए वाटर टैंक का निर्माण आदि विकास कार्य होंगे।

*बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन*

## आरपीएस में यूकेजी के नन्हे छात्रों के लिए सेरेमनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में यूकेजी के नन्हे छात्रों के लिए एक शानदार ग्रेजएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर छोटे बच्चों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया और उन्हें प्रोत्साहित किया गया। संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने अलग-अलग थीम पर आकर्षक लघु नाटिका व नृत्य प्रस्तुत किए। यूकेजी फ्लेमिंगों ने सेव अर्थ, यूकेजी स्वान ने डिच-द-फोन एंड एम्ब्रेस द लाइफ, यूकेजी पेंगुइन ने सेव एनिमल्स तथा यूकेजी पीकॉक ने क्लीनलीनैस की थीम पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि जब बच्चा एक कक्षा से दूसरी कक्षा में प्रवेश करता है तो उसमें आत्मविश्वास बढ़ता है उसी आत्मविश्वास का दृढ़ करने व जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते

## डा. अशोक कुमार होंगे सीएमओ, कोविड काल में दिन रात किए थे एक

**नारनौल।** लंबा इंतजार अब खत्म हुआ। महेंद्रगढ़ जिला को स्थाई सीएमओ के तौर पर डा. अशोक कुमार मिल गए है। वीरवार शाम को तबादला सूची जारी हुई तो छह माह से खाली सीएमओ का कुर्सी को इंतजार अब जाकर पूरा हुआ। जब कोविड काल था, उस वक्त बतौर सीएमओ दिन रात एक करके जिला के अनगिनत मरीजों की जान बचाने में उन्होंने व उनकी टीम ने अहम रोल निभाया था। उस बुरे दौर में गुजरकर वापस खुशी के पलों में लौटे मरीजों के जहन में डा. अशोक कुमार का चेहरा उतरा नहीं है। आपको बता दें कि महेंद्रगढ़ जिला में

## हरियाणा केंद्रीय विवि के छात्रों का गेट परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने आईआईटी रुड़की द्वारा आयोजित ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2025 परीक्षा में सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने परीक्षा में सफलता पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई और उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों की भूमिका अहम होती है। कुलपति ने विद्यार्थियों की इस सफलता को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को बढ़ाने और भविष्य के अभ्यर्थियों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण बताया।



महेंद्रगढ़। गेट परीक्षा में सफलता पाने वाले हकेंवि के विद्यार्थी कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के साथ। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। नए सत्र पर हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सिटी किड्ज वर्ल्ड स्कूल में नए सत्र पर हवन आयोजित

**महेंद्रगढ़।** सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में नए सत्र पर महेश शास्त्री द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यजमान के पद पर संस्था मैनेजमेंट सदस्य देवेंद्र यादव एवं साक्षी यादव मुख्य रूप से आसीन रहे तथा मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव भी उपस्थित रहे। आचार्य ने विधि-विधान से मंत्र उच्चारण कर आहुति डलवाई। प्राचार्या विनय यादव ने बताया कि विद्यालय के नए सत्र का शुभारंभ हवन के साथ किया गया। भारतीय संस्कृति के अनुसार किसी भी कार्य का शुभारंभ हवन के साथ किया जाता है। इससे वातावरण सहित मानसिक शुद्धि होती है। चेयरमैन विजय सिंह यादव ने कहा कि हवन यज्ञ भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक भावना को बढ़ाता है तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सदैव लाभकारी है।

### केंद्रीय मंत्री के पिता के निधन पर जताया शोक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पैतृक गांव जमालपुर पहुंचकर उनके पिता स्वर्गीय कदम सिंह के चित्र पर पुष्पार्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। रामबिलास शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय कदम सिंह बहुत धार्मिक व उच्च विचारों के व्यक्ति थे, जिन्होंने अपनी रेलवे की सेवा के दौरान व उसके बाद भी अपने जीवन में जारी रखा। स्वर्गीय कदम सिंह पदचिह्नों पर चलते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी राजनीतिक में रहकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने भूपेंद्र यादव को ढांढस बधांया एवं दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने के लिए परमात्मा से विनती की।

**कैंप** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर चौथे दिन भी रहा जारी, साइबर क्राइम की दी जानकारी

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर की प्रभात फेरी से शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरूआत प्रातः प्रभातफेरी से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने रस्से पर चढ़ने से संबंधित खेल गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनके शारीरिक कौशल का विकास हुआ। प्रथम सत्र में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार ने साइबर क्राइम पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को साइबर ठगी से बचने के विभिन्न उपाय बताए और यह समझाया कि किसी भी फोन कॉल या संदेश की सत्यता की जांच किए बिना प्रतिक्रिया न दें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाए तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। इसके पश्चात डॉ. पविता यादव ने स्वयंसेवकों को एनएसएस गीत का अभ्यास करवाया और बताया कि केवल श्रमदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना और सामाजिक समस्याओं को पहचान कर समाधान सुझाना भी एनएसएस का मुख्य उद्देश्य है। दूसरे सत्र में समाजसेवी एवं बुचियावाली आश्रम के अध्यक्ष नवीन राव ने मतदाता जागरूकता विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को मतदान के लिए प्रेरित किया और बताया कि युवाओं की भागीदारी एक प्रभावशाली सरकार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुरोध किया कि वे अपने परिवार और समुदाय को भी मतदान के प्रति जागरूक करें ताकि भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। सायंकालीन सत्र में प्राथमिक चिकित्सा उपचार पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। स्वयंसेवक राहुल अग्रवाल ने विस्तार से प्राथमिक उपचार की महत्ता और तकनीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने डमी की सहायता से कृत्रिम श्वसन की विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन किया, जिसमें स्वयंसेवक अन्नु ने उनका सहयोग किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें मुख्य रूप से फुटबॉल खेला गया। सभी स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ खेल में हिस्सा लिया। पूरे दिन और रात्रि की सभी गतिविधियों की फोटोग्राफी का जिम्मा स्वयंसेवक आदित्य ने बेखूबी निभाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रोफेसर सोमवीर सिवाच ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का चौथा दिन शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जागरूकता से भरपूर रहा।



महेंद्रगढ़। स्वयंसेवक को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मंडी अटेली की एक कालोनी अप्रूव्ड

**मंडी अटेली।** शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने प्रदेश में 45 कॉलोनियों को अप्रूव्ड किया है, जिसमें महेंद्रगढ़ जिले की नगर पालिका मंडी अटेली की एक कालोनी भी अप्रूव्ड में शामिल है। इसके वैध होने से अटेली में अब आठ कालोनियों अब तक नियमित हो गई है, जिनका एरिया करीब 150 एकड़ है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से शहर कस्बे की यह कॉलोनी नियमित होने से लोगों में खुशी का माहौल है। अटेली नगर पालिका द्वारा 2022 में आदर्श कालोनी, बाबा सेवादास कालोनी, नीलकंठ कालोनी, अग्रसेन कालोनी व न्यू विकास एक्सटेंशन कालोनियों को अप्रूवल हेतु शहरी निकाय को भेजा था।

**PUBLIC NOTICE**

I Sunita W/o Sandeep Kumar R/o Village Bhushan Kalan Tehsil Narnaul Distt. Mahendergarh Haryana declare that my husband name mentioned as Sandeep in my daughter Ritika schoolrecord by mistake. that my husband correct name is Sandeep Kumar. necessary correction as per rules.

**PUBLIC NOTICE**

I Munesh W/o Devender Kumar R/o Village Seka Tehsil Narnaul Distt. MahendergarhHaryana declare that my name Munesh and my husband name mentioned as Devender in my daughter Neha school record by mistake. that my Correct Name is Munesh Devi and my husband correct name is Devender Kumar. necessary correction as per rules.

**श्री गौशाला (रजि.) महेंद्रगढ़**

**बोली के लिए आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1 ट्रैक्टर (2009 महिंद्रा) एवं 1 बोलेरो (2011) की बोली 25.03.2025 को प्रातः 10 बजे श्री गौशाला (रजि.) महेंद्रगढ़ प्रांगण में लगाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंचकर भाग ले सकते हैं। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

महा सचिव
श्री गौशाला (रजि.) महेंद्रगढ़
मो. 7082948247

**सूचना**

मैं, संजय कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी धोली तह. व जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरी लड़की रिंकी जोकि अविवाहित है मेरे कहने सुनने से बाहर है जिसे मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से भी बेदखल करता हूं । इसके द्वारा किए गए कार्य एवं लेनदेन की यह स्वयं जिम्मेदार होगी, मेरा व मेरे परिवार का इससे कोई वास्ता नहीं होगा।

**COURT NOTICE**
(U/o Rule 20 CPC)
**IN THE COURT OF**
**Sh. Jetin Gujral**
**Additional Civil Jadge**
**(Senior Division),**
**NARNAUL**

Satish
Vs.
General Public
CNR No. HRNR02-001214-2021
Previous Date 03.03.2025
NEXT DATE : 09.04.2025
PUBLICATION ISSUED TO :
GENERAL Public

In above titled case, the defendant (s)/ respondent (s) could not be served. It is ordered that defendant (s)/ respondent (s) should appear in person or through counsel on 09-04-2025 at 10:00 a.m.

**Additional Civil Judge (Senior Division) Narnaul**

## खबर संक्षेप



मंडी अटेली। अंडरपास का बना ऊंचा ब्रेकर। फोटो : हरिभूमि

### अंडरपास के ऊंचे ब्रेकर से वाहन चालकों को परेशानी

**मंडी अटेली।** रेलवे अंडरपास के गेट पर ऊंचे ब्रेकर के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों और वाहन चालकों का कहना है कि यह ब्रेकर अत्यधिक ऊंचा बना हुआ है, जिससे छोटी और बड़ी गाड़ियां नीचे से टकरा जाती हैं। इससे वाहनों को नुकसान हो रहा है। शहर के लोगों ने रेलवे अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान इस ब्रेकर को तोड़कर ऊंचाई कम की जाए, ताकि भविष्य में किसी को कोई समस्या न हो। लोगों का कहना है कि जब अंडरपास निर्माणाधीन है तो इसमें सुधार की संभावनाएं अभी मौजूद हैं। यदि समय रहते ब्रेकर को सही कर दिया जाता है तो वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई चारपहिया वाहन इस ऊंचे ब्रेकर पर रुक जाते हैं।


### ग्रामीणों ने आश्रम के नाम पर अवैध वसूली के लगाए आरोप

# पंचायती भूमि पर अवैध अनाथ आश्रम चलाने का आरोप, पुलिस नहीं मिलने पर थमी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

### पुलिस फोर्स न मिलने के कारण मोडी में नहीं हो सकी कब्जा कार्रवाई

कनीना सब डिवीजन के गांव मोडी में पंचायती जमीन पर बने भवन में पिछले करीब पांच वर्ष पूर्व शुरू किए गए सामाजिक संगठन द्वारा अवैध रूप से कब्जा करवाने के प्रयास किए जाने को लेकर वीरवार को की जाने वाली कब्जा कार्रवाई पुलिस सहायता न मिल पाने के कारण स्थगित हो गई। कनीना के बीडीपीओ नवदीप की ओर से पुलिस सहायता के लिए लिखा गया था। सरपंच अनिता देवी ने बताया कि इससे पूर्व भी 19 जुलाई 2024, 27 जनवरी 2025, 30 जनवरी 2025 व 17 मार्च 2025 को चार बार पुलिस सहायता के लिए लिखा गया था। ग्राम सरपंच अनिता देवी ने बताया कि गांव मोड़ी निवासी पवन कुमार ने सत्य भारती स्कूल के भवन में अवैध रूप से संचालित किए गए 'बेसहारा शांतिकुंज अनाथ' आश्रम के जरिए एक एकड भूमि की चारदीवारी एवं उसमें बने आठ कमरे सहित बरामदे व टॉयलेट पर कब्जा कर वहां दर्जनभर व्यक्तियों को अनाथ बताकर रखा हुआ है। जबकि यह ग्राम पंचायत की मलकियत है। इस जमींन पर भारती फाउंडेशन की ओर से सत्य भारती नामक प्राईमरी स्कूल का संचालन शिक्षा-सत्र 2006-07 में किया था। उसके करीब दो वर्ष बाद उपरोक्त एनजीओ की ओर से बिना पंचायत की सहमति के अनाथ आश्रम का संचालन शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि सत्यभारती स्कूल संस्था ने इस भवन व जमींन को सितंबर 2019 में तत्कालीन सरपंच शर्मिला देवी सहित पंचायत को विधिवत रूप से सुपुर्द किया था।





कनीना। बीडीपीओ कनीना द्वारा पुलिस सहायता के लिए एसपी को लिखा गया पत्र व अवैध कब्जे को हटवाने की मांग करते ग्रामीण।

#### क्या कहते हैं ग्रामीण

पूर्व सरपंच गजराज सिंह, पूर्व पंच जगन सिंह, ग्रामीण कर्णसिंह व सरपंच प्रतिनिध रामनिवास ने बताया कि अनाथ आश्रम की आड में एनजीओ संचालक पवन कुमार पंचायती जमींन पर अवैध कब्जा करना चाहता है। अनाथ आश्रम में रहने वाले महिला व पुरूषों को गेट बंद कर बंधक की भांति रखा जाता है और उनसे फसल कटाई करवाकर मजदूरी करवाई जाती है। आश्रम परिसर में बिना संचालक की अनुमति के कोई भी व्यक्ति अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। जाने-अनजाने व्यक्ति को अंदर जाने के लिए पवन कुमार से अनुमति लेनी पड़ती है। अंदर रह रहे किसी व्यक्ति द्वारा आश्रम की असलियत बताई जाती है तो उनसे मारपीट तक की जाती है। उनकी प्रताड़ना से दो अनजान व्यक्तियों की मौत होने की बात भी कही जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में कहीं भी कोई अनजान वृद्ध एवं मंदबुद्धि जैसा व्यक्ति दिखाई देता है तो उसे मोड़ी लाया जाता है। जहां उनके मजदूरी तक कराई जाती है। अनाथ आश्रम के नाम पर जगह-जगह चंदावसूली की जाती है। वहीं 30-35 बैड उपलब्ध कराए गए हैं। जिन पर वह अपना हक जता रहा है। उन्होंने बताया कि कनीना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नवदीप ने औचक निरीक्षण कर असलियत जानी थी। जिसमें उन्होंने आश्रम के गेट पर ताला लटका मिला था।

#### क्या कहती है सरपंच

सरपंच अनिता देवी ने बताया कि इस मलकियत को अपने कब्जे में लेकर ग्राम पंचायत द्वारा यहां पर ई-लाईब्रेरी, ओपन जिमशाला खोलने की योजना है।

#### क्या कहते है बीडीपीओ

इस बारे में बीडीपीओ नवदीप ने बताया कि पुलिस फोर्स की व्यस्तता होने के कारण पुलिस हैल्प नहीं मिल सकी। पुनः पुलिस सहायता के लिए लिखा जाएगा। पुलिस सहायता मिलते ही अवैध कब्जा छुडा दिया जायगा।

#### क्या कहता है आरोपित पक्ष

इस बारे में कब्जाधारी पवन कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत पिछले दो वर्ष से उनके पीछे लगी हुई है। वह आश्रम को खाली करवाना चाहती है। जबकि यहां पर बेसहारा व्यक्तियों को आश्रय दिया जा रहा है।



नांगल चौधरी। अकबरपुर में सड़क के किनारे अवैध पक्के निर्माण को गिराती हुई जेसीबी।

### [ अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा ]

## अकबरपुर फिरनी में तोड़ा अवैध निर्माण, पुलिस बल रहा तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

पीडब्ल्यूडी विभाग ने अकबरपर गांव में अवैध निर्माण पर जेसीबी चलाई है। कार्रवाई के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ नरेंद्र कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा है।

जानकारी के मुताबक अकबरपुर से शिमली जाने वाली सड़क के किनारे पर 22 फीट जमीन पंचायत तथा 11-11 फीट जमीन पीडब्ल्यूडी विभाग की लगती है। पंचायत ने आवश्यक औपचारिता पूरी करके अवैध निर्माण हटावा दिया था। उस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग को अवैध निर्माण होने की शिकायत मिली थी। जिसके आधार पर सड़क मार्ग की पैमाइश कराई गई, जिसमें अवैध निर्माण की पुष्टि होने पर आरोपितों को तीन-तीन नोटिस भेजकर अवैध कब्जा हटाने की हिदायत दी थी।

#### अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शांति पूर्वक संपन्न

ड्यूटी मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार ने बताया कि अकबरपुर में शिमली जाने वाले सड़क मार्ग पर 22 फीट जमीन पंचायत की है, जोकि पहले ही अवैध कब्जा हटवा दिया है। अब सड़क के दोनों तरफ 11-11 फीट जमीन पीडब्ल्यूडी विभाग की है, जिस पर अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से हटवा दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल के सहयोग से कार्रवाई को शांति पूर्वक संपन्न कराया गया है।



कनीना। गंदगी से सटे नाले की सफाई करवाते राजेंद्र सिंह लोढा।

## नालों की सफाई व गंदे पानी की निकासी को उठाए जा रहे कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

नगर पालिका चुनाव के दौरान नपा की नवनिर्वाचित चेयरपर्सन डॉ. रिंपी कुमारी ने नालों की सफाई तथा गंदे पनी की निकासी के लिए किए गए वायदों पर कार्य शुरू कर दिया गया है। चेयरपर्सन के ससुर वार्ड 14 के मेम्बर एवं पूर्व नपा प्रधान राजेंद्र सिंह लोढा मौके पर खडे रहकर नालों की सफाई करवा रहे हैं। जिसे लेकर नगरवासियों ने राहत की सांस ली है। न पा क्षेत्र में पिछले समय से साफ-सफाई तथा गंदे पानी की निकासी चरमराई हुई थी। नगरवासी इन समस्याओं की चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों से उम्मीद लगा रहे थे। नपा के आम चुनाव में यही मुख्य मुद्दा बना हुआ था। भौगौलिक स्थित के मुताबिक निचले क्षेत्र में बने जोहड़ ओवरफ्लो होने तथा निकासी का गंदा पानी सड़कों पर आने से नागरिकों का गुजरना दुश्वार था। लंबे समय से गंदा पानी जमा होने से अनेकों नागरिक टाइफाईड जैसे रोग से ग्रस्त हो रहे थे।

नपा चेयरपर्सन डॉ. रिंपी कुमारी ने कहा कि नगर में बुनियादी सुविधाओं को प्राथकिमता के आधार पर दुरूस्त किया जाएगा। वहीं तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे।

### उत्तराखंड में राष्ट्रीय साहित्यिक सम्मेलन में कृष्णा आर्या ने बेटियों को दिया संदेश



नारनौल। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत शब्द यात्रा साहित्यिक समूह द्वारा उत्तराखंड के जिम कार्बेट सभागार में राष्ट्रीय साहित्यिक सम्मिलन 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के 42 शब्द यात्रियों ने वक्तव्य, कहानी, गीत, कविताएं एवं कहानियां प्रस्तुत कर अपनी साहित्यिक प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का संयोजन शब्द यात्रा समूह की अध्यक्ष शारदा मित्तल एवं महासचिव प्रीती मिश्रा द्वारा किया गया। वहीं प्रारम्भ शब्द यात्री संकल्प की सरस्वती वंदना से हुआ, जिसमें रेडियो स्टेशन बूज के डायरेक्टर डॉ मुकेश गंभीर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विदुषी डॉ विधु कालरा ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई एवं डॉ रश्मि गुप्ता एवं बरखा यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही।



### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन रथयात्रा का भव्य स्वागत

महेंद्रगढ़। वृंदावन में बांके बिहारी की कॉरिडोर के साथ-साथ श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के तहत साधु संतों, सनातनियों और श्रीकृष्ण भक्तों द्वारा चार यात्रा निकाली जा रही हैं। इसी कड़ी में चार मार्च को द्वारका से मथुरा तक निकाली जा रही पहली यात्रा का राव तुलाराम चौक पहुंचने पर पुष्प वर्षा और फूल माला से भव्य स्वागत और पूजन किया गया। संयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर एवं मेहंदीपुर बालाजी मंदिर महंत डॉक्टर नरेशपुरी ने बताया कि इस यात्रा से साधु-संतों सहित श्रद्धालुओं को जोड़ने के लिए पिछले एक साल से संयुक्त भारतीय धर्म संसद के तत्वाधान व मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के सानिध्य में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण जन्मभूमि को अपना अधिकार दिलवाने के लिए भारत के सभी साधु-संत, समाजसेवियों एवं श्री कृष्ण भक्तों को साथ लेकर शीघ्र ही एक बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसमें सभी हिंदू शामिल होंगे।

M.L.S. D.A.V.
PUBLIC SCHOOL
KULTAJPUR ROAD, NARNAUL, PH.: 01282-252474, 257405
Nursery to XII (Science, Commerce & Arts) | (Affiliated to C.B.S.E. New Delhi)



Scholarship Cum ADMISSION TEST
MARCH 23rd SUNDAY
Timing : 9:00 am Onwards
Bus facility will be available on all routes on test day at 8:00 am
ADMISSIONS FROM CLASS NURSERY TO XII ARE OPEN SUBJECT TO THE TESTS AS PER GIVEN DATES

JEE Mains Qualifiers 2025
MANEK 99.18 PERCENTILE
Mohit S/o Sh. Devender 98.55 PERCENTILE
MEENAKSHI 98.08 PERCENTILE
HARSH 97.74 PERCENTILE
SHIVAM 97.08 PERCENTILE
AKSHAY 97.01 PERCENTILE
YASHODA SAINI 96.91 PERCENTILE
MANGLAM 96.12 PERCENTILE
DIVIJ 96.08 PERCENTILE
SAKSHAM 95.68 PERCENTILE
KUNAL 94.98 PERCENTILE
HARSHVARDHAN 93.69 PERCENTILE
MUKUL 92.7 PERCENTILE
KESHAV GOYAL 92 PERCENTILE
JITESH 91 PERCENTILE
PARMESHWAR 91 PERCENTILE
ANSHU KAUSHIK 90 PERCENTILE

Sports Achievements at National Level 2024

| S.no. | Game | Name/Team | Boys/Girls | Age group | Position |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 (i) | Archery- Boys (Yamuna Sports Complex, New Delhi- 2 Dec to 4 Dec. 2024) | | | | |
| a) | Archery (Indian Round) | Puneet Saini (VI)<br>Ashish (IX)<br>Yashmit (VIII) | Boys | Under 14 | Gold |
| b) | Archery (Individual) | Yashmit (VIII)- 20m | Boys | Under 14 | Silver |
| c) | Archery (Indian Round) | Vivek (IX)<br>Navneet (IX)<br>Yash Sharma (IX)<br>Shabd (X) | Boys | Under 19 | Gold |
| d) | Archery (Individual) | Yash Sharma (IX)-50m | Boys | Under 19 | Gold |
| | | Shabd (X) -50m | Boys | Under 19 | Bronze |
| | | Yash Sharma (IX)- 30m | Boys | Under 19 | Gold |
| | | Vivek (IX)-30m | Boys | Under 19 | Bronze |
| | | Yash Sharma (IX)- Overall | Boys | Under 19 | Gold |
| | | Shabd (X)- Overall | Boys | Under 19 | Bronze |
| 1 (ii) | Archery- Girls (Noida Indoor Stadium, Noida- 2 Dec to 4 Dec. 2024) | | | | |
| a) | Archery (Indian Round) | Shiksha (IX)<br>Lamha (VIII)<br>Ankush Maan (XI) | Girls | Under 19 | Silver |
| 2 | Kabaddi - Boys (East Vinod Nagar Sports Complex, New Delhi- 2 Dec. to 4 Dec. 2024) | | | | |
| a) | Kabaddi | Sahaj (IX)<br>Aditya (X) | Boys | Under 17 | Gold |
| b) | Kabaddi | Bhavishya (XI)<br>Vishesh (XII)<br>Pankaj (XI)<br>Dheeraj (XII) | Boys | Under 19 | Gold |
| 3 (i) | Taekwondo (Kyorugi) Boys | | | | |
| a) | Jaish (XI)- U-54Kg | | Boys | Under 19 | Bronze |
| | Nakshatra (XII)-U-58Kg | | Boys | Under 19 | Bronze |
| | Deepanshu (XI)-U-58Kg | | Boys | Under 19 | Bronze |

Selections in IIT ,NIT, Research Institutes 2024
AJAY KUMAR IIT KHARAGPUR
RUDRAKSHA BITS PILANI
DIVYA GODARA MNIT JAIPUR
SHOBIT ROHILLA IISER MOHALI
JATIN YMCA FARIDABAD
RIYA AGGARWAL NDRI, Karnal
MEGHA AGGARWAL IIWBR, Karnal
NIRDESH CLAT Qualifier

Selections in prestigious Medical Colleges 2024
ARJUN PGI Rohtak
AVANTIKA Sardar Patel Medical College, Bikaner
REETIKA ESIC, Alwar
KIRAN BPS Women College, Khanpur
DIVYA Soban Singh Ginna Med. College, Almora
YAMAN MAMC, Agroha Hissar
TANUJ GMC, Yadadri, Hyderabad
PRIYANSHU Kalpana Chawla Medical College, Karnal

Selections in CA Foundation 2024
BHAVISHYA GUPTA
JITEN GOYAL
BHAVYA GUPTA
NAMAN GOYAL
KHUSHI AGGARWAL
ANCHAL
CHETAN
KHUSHI
HIMANI GUPTA

DR. D.V. SETHI Chairman | ABHA GANGAL Manager | VIRENDER KUMAR Principal